# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदो की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जनगणना–2027 के लिए बजट को मिली मंजूरी : केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– दो चरणों में पूरी कराई जाएगी प्रक्रिया, दूसरे चरण में होगी जातिगत गणना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में रबी सत्र की किसान पाठशाला का किया शुभारंभ : कहा– रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और पारदर्शी व्यवस्था ने राज्य की प्रगति को दी है नई दिशा।
3. वाराणसी में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 के हार्डवेयर संस्करण का आज हुआ समापन : विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए टीमों ने बनाए अनूठे प्रोटोटाइप।

और

4. काशी तमिल संगमम के तहत तमिलनाडु से आए पांचवें दल ने प्रयागराज पहुंच कर संगम में लगाई डुबकी : प्रतिभागियों ने कहा– अविस्मरणीय है यह अनुभव।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। जनगणना कार्य में लगभग तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा। बाइट...

*सेंसर्स दो फेजेस में होगा। फेस वन में फोकस रहेगा हाउस होल्ड्स के अंदर क्या एमिनिटीज है, हाउसिंग कंडीशन कैसी है, कच्चा घर है, पक्का घर है, घर में कितने रूम्स है, किस तरह से घर में कोई व्हीकल है, घर में इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन कैसा है? दैट विल बी दी बेस फॉर फेस टू जिसमें बहुत इंपॉर्टेंट है डेमोग्राफिक, सोशल कल्चरल एंड इकोनॉमिक पैरामीटर्स का इन्यूमरेशन किया जाएगा पूरी जनसंख्या का। यह फरवरी 2027 के हिसाब से किया जाएगा भारत के कानूनों के हिसाब से।*

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कोयला संपर्क नीति– कोल सेतु मं सुधार को भी आज मंजूरी दी।

———————

प्रदेश सरकार आज से 29 दिसंबर तक सभी जनपदों में किसान पाठशाला का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी के दौलतपुर

गांव में रबी सत्र की किसान पाठशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि प्रगति, बहु फसली खेती, तकनीकी नवाचार, एमएसपी व्यवस्था की पारदर्शिता और किसानों की आय वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई भौगोलिक जलवायु क्षेत्र हैं जिनके अनुरूप उन्नत बीज और तकनीक उपलब्ध कराने पर सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले की तुलना में आज रिकॉर्ड उत्पादन और पारदर्शी व्यवस्था ने प्रदेश की प्रगति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि विकास दर 8 दशमलव 6 प्रतिशत से बढ़कर 17 दशमलव 7 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। बाइट.....

*पिछले 8 वर्ष में कृषि विकास की दर को 8.6 प्रतिशत से बढ़ा करके 17.7 प्रतिशत उत्तर प्रदेश ने पहुंचाया है। गेहूं उत्पादन में 35 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश देश के अंदर दे रहा है जो देश में प्रथम है। कुल राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। देश के कुल गन्ना उत्पादन का 55ः अकेले उत्तर प्रदेश कर रहा है यानी उत्तर प्रदेश इसमें भी देश में नंबर 1 पर है।*

——————————

प्रदेश के कबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने आज हापुड में इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट–2025 का शुभारंभ किया। जिले के विकास को गति देने के लिए आयोजित इस समिट में बड़ी संख्या में बिल्डर और उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री खन्ना ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जिले को उद्योग, व्यापार और

रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़कर आर्थिक रूप से मज़बूत बनाना है। उन्होंने कहा कि यह समिट हापुड़ में निवेश के नए रास्ते खोलेगा।

———————————

वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अटल इन्क्यूबेशन केंद्र में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–2025 हार्डवेयर संस्करण का आज समापन हो गया। हैकथॉन के पांचवे दिन सभी टीमों ने अपने नवीन हार्डवेयर प्रोटोटाइप पर सक्रिय रूप से काम किया और क्षेत्र विशेषज्ञों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को अपनाया। इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वे अपने नवाचार के माध्यम से जीवन के विभिन्न क्षत्रों की समस्याओं के समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। बरेली से आई तृषा ने अपनी टीम द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी साझा की।

बाइट....

*यह एक रोबोटिक क्लोटिंग प्लेटफार्म है, जिसमें हम क्लोरोफिल और एक्वेटिक एनवायरमेंट में जो भी प्लास्टिक है, वह सब हम डेमोंस्ट्रेट करेंगे और यह क्लोट करके वहां डिटेक्ट करेगा कि उसमें कितना कंसंट्रेशन है क्लोरोफिल का और माइक्रो और मैक्रो प्लास्टिक का। यह सारे मेरे टीममेट्स है और हम सबने बहुत हार्ड वर्क किया है यहां तक आने के लिए।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ में आयोजित विकसित उत्तर प्रदेश–2047 विजन डॉक्य्मेंट पर राज्य स्तरीय विचार मंथन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीनहाइड्रोजन और ड्रोन जैसे क्षेत्रों मे प्रशिक्षित करने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश विकसित भारत के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण स्तम्भ बनेगा। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जी ने जब 2020 या 2020 के लिए एनईपीआई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई उसमें स्किल को एक बड़ी मान्यता बड़े स्वीकार्यता और बड़ा आशीर्वाद उन्होंने दे दिया। उसको आगे बढ़ाने के लिए हमारे युवाओं की क्या परेशानियां हैं, इंटरमीडिएट कॉलेज में क्या–क्या दिक्कतें होती हैं, इंजीनियरिंग कॉलेज में क्या दिक्कतें होती हैं, जो बच्चे एमबीए कर रहे हैं क्या प्रॉब्लम्स हैं और वो पढ़ाई के साथ–साथ कैसे स्किल्ड हो? उसके लिए एक योजना यहां पर तैयार हो रही है। सब लोग का अपना विज़न, अपनी तैयारी, विचार ऐसा करके एक डॉक्यूमेंट उसका तैयार होगा।*

———————————

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम में शामिल होने के लिए तमिलनाडु से छठा प्रतिभागी दल आज काशी पहुंचा। इस दल में प्रमुख रूप से महिलाएं शामिल हैं। तमिलनाडु से आये इस दल ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन–पूजन किया। समूह के सदस्यों को काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण कराया गया जिसमें उन्हें धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला, नवनिर्मित सुविधाओं की जानकारी दी गई। अपने काशी प्रवास के दौरान तमिलनाडु से आए ये अतिथि शहर के प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। काशी तमिल संगमम के तहत वाराणसी आने वाले अतिथियों को अयोध्या और प्रयागराज की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराया जा रहा है। इसी क्रम में पर्यटक दल का पांचवां जत्था आज प्रयागराज पहुंचा। पेश है एक रिपोर्ट...

*काशी तमिल संगमम के तहत तमिलनाडु से आए पांचवें दल में लगभग 210 लोक कलाकार और व्यवसायी शामिल हैं। प्रतिभागियों का यह दल प्रयागराज में संगम की आभा देखकर प्रफुल्लित नज़र आया। त्रिवेणी संगम के वीआईपी घाट पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पर्यटक दल पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। महापौर ने इसे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाला आयोजन बताया। इस मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। दल के सदस्यों ने कहा कि इस आयोजन ने उन्हें प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के दर्शन करने और यहां कि संस्कृति को समझने का मौका दिया है जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणीसमाचार प्रयागराज।*

——————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान व जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने आज संयुक्त बैठक कर प्रदेश में इकोटूरिज्म के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स सहित विभिन्न वेटलैंड के एकीकृत विकास के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी वर्षों में प्रदेश को वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार प्रदेश में समग्र पर्यटन विकास के लिए अब एकीकृत और भविष्य केंद्रित रूप में आगे बढ़ रही है।

——————————

प्रदेश सरकार 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान'—पीएम कुसुम के अंतर्गत वर्ष 2025—26 में किसानों को अनुदान पर 40 हज़ार 521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। इस योजना का लाभ उठाने क लिए किसान 15 दिसंबर 2025 तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसानों का चयन ई—लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

——————————

प्रदेश में तापमान गिरने के साथ ही बीते 24 घंटों में बदायूं, अम्बेडकरनगर, पीलीभीत और लखीमपुर समेत आसपास के जनपदों में सुबह और देर रात घना कोहरा

छाया रहा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के तराई वाले इलाकों में घना कोहरा होने की सम्भावना जताई है। वहीं पूर्वी जनपदों में भी कुछ स्थानों पर अत्यन्त घना कोहरा होने का अनुमान जताया गया है।

——————————